सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 14.09.2023

दुकान से डीजे के उपकरण एवं कोल्ड ड्रिंक चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी किये गये डीजे के उपकरण एवं 2600/- रूपये (चोरी का सामान बेचकर अर्जित किये गये) किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 03.09.2023 को वादी नीरज कुमार पुत्र जगदीश नरायन द्वारा उसकी छिमारा रोड स्थित दुकान से कोल्डड्रिंक के कार्टून चोरी होने तथा उसके पडोसी पंकज कुमार पुत्र मेघ सिंह की डीजे की दुकान से डीजे के उपकरण चोरी होने के सम्बन्ध में संयुक्त रूप से थाना जसवन्तनगर पर तहरीर दी गयी, सूचना पर तत्काल **थाना जसवन्तनगर पर मु0अ0सं0 221/2023 धारा 380 भादवि बनाम अज्ञात चोर** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे दिनांक 13/14.09.2023 की रात्रि को थाना जसवन्तनगर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत छिमारा रोड स्थित दुकानों से चोरी करने वाले 02 व्यक्ति चोरी के उपकरण सहित जसवन्तनगर सैफई मोड़ पर खड़े हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा **जसवन्तनगर सैफई मोड़ से समय 05.15 बजे 02 अभियुक्तों को चोरी के 01 एम्पलीफायर सहित** गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा बरामद एम्पलीफायर के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो **अभियुक्त राहुल द्वारा बताया गया** कि दिनांक 03.09.2023 की रात्रि को उसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर छिमारा रोड के पास स्थित दुकानों से कोल्ड ड्रिंक के कार्टून एवं डीजे के उपकरण चोरी किये थे जिसमें कुछ सामान फिरोजाबाद तथा 01 एम्पलीफायर को अभियुक्त सुरजीत को सस्ते दामों में बेच दिया था, शेष बचा हुआ सामान भटपुरा गांव को जाने वाले पुल के किनारे छिपा रखा है।

अभियुक्त राहुल की निशादेही के आधार पर **भटपुरा गांव को जाने वाले पुल के किनारे** से चोरी किये गये डीजे के अन्य उपकरण बरामद किये गये।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जसवन्तनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 221/2023 धारा 380 भादवि में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी।

नोटः- पुलिस पूछताछ के आधार पर 02 अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आये है जिसमें से रोहित यादव पुत्र जयबरन यादव निवासी ग्राम नगला रते थाना करहल जनपद मैनपुरी वर्तमान में जेल में निरूद्ध है तथा दूसरे अभियुक्त हर्ष यादव पुत्र रविन्द्र संह की शीघ्र ही गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. सुरजीत कुमार पुत्र शिवराखन निवासी ग्राम कंझरा थाना करहल जनपद मैनपुरी **उम्र 28 वर्ष।**
2. राहुल यादव पुत्र रामकुमार यादव निवासी नगला सेवाराम थाना वैदपुरा जनपद इटावा **उम्र 24 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 221/2023 धारा 380/411 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

अभि0 राहुल यादव

1. मु0अ0स0 98/2023 धारा 411 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
2. मु0अ0स0 221/2023 धारा 380/411 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
3. मु0अ0स0 207/2023 धारा 379/411 भादवि थाना करहल जनपद मैनपुरी
4. मु0अ0स0 146/2023 धारा 379/411 भादवि थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी

बरामदगीः-

1. 01 साउंड मिक्सर
2. 05 एम्पलीफायर मशीन
3. 01 स्टेपलाइजर
4. 09 डीजे वाली एलईडी लाइट
5. 17 ड्राइवर यूनिट
6. 2600/- रूपये नकद **(चोरी का सामान बेचकर अर्जित किये गये)**

पुलिस टीमः- निरीक्षक श्री मुकेश कुमार सोलंकी प्रभारी थाना जसवन्तनगर, उ0नि0 हेमन्त सोलंकी, उ0नि0 सन्तोष कुमार, का0 रिंकू सोलंकी, का0 अंकुश कुमार, का0 मनोज कुमार, का0 चालक सनोज कुमार।